# University in News on 16 March 2020

## AMAR UJALA-MY CITY

# लविवि में दखिले के ऑनलाइन आवेदन आज से

## विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर शाम पांच बजे से शुरू होगी प्रक्रिया

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया सोमवार शाम पांच बजे से शुरू हो जाएगी। आवेदन फॉर्म विवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर जाकर भरा जा सकता है। विवि ने स्नातक, परास्नातक, यूजी मैनेजमेंट, बीपीएड और एमपीएड पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन मांगे हैं। आवदेन की अंतिम तारीख अलग-अलग पाठ्यक्रमों के लिए अलग-अलग तय की गई है।

स्नातक स्तर पर सामान्य और ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 800 रुपये तथा एससी और एसटी अभ्यर्थियों के लिए 400 रुपये निर्धारित की गई है। इसी तरह यूजी मैनेजमेंट में सामान्य और ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 1000 रुपये तथा एससी और एसटी अभ्यर्थियों के लिए 500 रुपये, परास्नातक में सामान्य और ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 1000 रुपये तथा एससी-एसटी अभ्यर्थियों के लिए 500 रुपये, बीएलएड में सामान्य और ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 1600 रुपये तथा एससी-एसटी अभ्यर्थियों के लिए 800 रुपये, बीपीएड-एमपीएड में सामान्य और ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 1600 रुपये तथा एससी-एसटी अभ्यर्थियों के लिए 800 रुपये, एमएड में सामान्य और ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 1600 रुपये तथा एससी-एसटी अभ्यर्थियों के लिए 800 रुपये तथा सर्टिफिकेट कार्यक्रम की आवेदन फीस सभी अभ्यर्थियों के लिए एक समान पांच सौ रुपये तय की गई है।

### स्नातक में आवेदन की अंतिम तारीख 10 अप्रैल

लविवि ने स्नातक , यूजी मैनेजमेंट और बीएलएड में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 10 अप्रैल तय की है। एक हजार रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन की अंतिम तारीख 15 अप्रैल तय की गई है। इसी तरह पीजी में आवेदन की अंतिम तारीख 25 अप्रैल और एक हजार रुपये विलंब शुल्क के साथ 30 अप्रैल तथा बीपीएड, एमपीएड और एमएड में आवेदन की अंतिम तारीख 15 मई तय की गई है। इन पाठ्यक्रमों में एक हजार रुपये विलंब शुल्क के साथ 20 मई तक आवेदन किया जा सकेगा।

## NBT

# एलयू में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से

खबरें काम की

**एनबीटी, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) में सत्र 2020-21 के यूजी, पीजी, बीपीएड, एमएड, एमपीएड सहित अन्य कोर्सों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया सोमवार से शुरू होगी। अभ्यर्थी शाम पांच बजे से एलयू की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

यूजी और मैनेजमेंट कोर्सों में दाखिले के लिए आवेदन 16 मार्च से 10 अप्रैल तक होंगे। वहीं ₹1000 लेट फीस के साथ 15 अप्रैल तक आवेदन होंगे। वहीं, पीजी कोर्स के साथ बीपीएड-एमपीएड और एमएड के ऑनलाइन आवेदन भी सोमवार से होंगे। इन कोर्सों में आवेदन फॉर्म जमा करने की लास्ट डेट अगल-अलग है। पीजी में बिना लेट फीस के साथ 25 अप्रैल तक आवेदन होंगे। लेट फीस के साथ 30 अप्रैल तक आवेदन होंगे।

**यूजी-पीजी समेत सभी कोर्सों के लिए शाम पांच बजे से किए जा सकेंगे आवेदन**

### एलयू और कॉलेजों के शिक्षकों और स्टूडेंट्स का डेटा होगा ऑनलाइन

**एनबीटी, लखनऊ :** एलयू में शिक्षकों और स्टूडेंट्स का डेटा ऑनलाइन करने की तैयारी शुरू हो गई है। इसे लेकर एलयू अपना पोर्टल बनाएगा। एलयू के कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने बताया कि विवि समेत सम्बद्ध कॉलेजों में करीब डेढ़ लाख छात्र और 20 हजार शिक्षक हैं। जिनका डेटा ऑनलाइन करने के लिए विभागों और कॉलेजों से उनके शिक्षकों और स्टूडेंट्स का ब्योरा मांगा गया है।

## DAINIK JAGRAN

# लविवि में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से

## 10 अप्रैल तक यूजी व पीजी मैनेजमेंट में प्रवेश के लिए भरें फॉर्म

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने सत्र 2020-21 में अंडर ग्रेजुएट (यूजी) और पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी), एमएड, एमपीएड, बीपीएड समेत सभी कोर्स में दाखिले के लिए सोमवार यानी 16 मार्च से आवेदन किए जा सकेंगे। इस बार आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन रहेगी। निर्धारित तिथि के बाद अभ्यर्थियों को विलंब शुल्क के साथ भी आवेदन करने का मौका दिया जाएगा।

लविवि की ओर से घोषित प्रवेश प्रक्रिया के तहत सभी कोर्सों में दाखिला प्रक्रिया नौ जुलाई तक पूरी करनी होगी, ताकि 10 जुलाई से नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत हो सके।

**यूजी में 16 मार्च से आवेदन :** यूजी में बीए, बीए ऑनर्स, बीकॉम ऑनर्स, बीकॉम रेगुलर, बीकॉम सेल्फ फाइनेंस, एलएलबी पांच वर्षीय, बीएससी मैथ्स ग्रुप, बीएससी बायो ग्रुप, बीवीए-बीएफए, बीवोक रेन्यूएबल एनर्जी, बीसीए और डिप्लोमा इन फाइन आर्ट्स कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन सोमवार यानी 16 मार्च से होंगे। यूजी मैनेजमेंट के बीबीए, बीबीए आइबी, बीबीए एमएस, बीबीए पर्यटन और एमबीए पांच वर्षीय, बीएलएड में दाखिले के लिए 10 अप्रैल तक आवेदन किए जा सकेंगे। लेट फीस के साथ 15 अप्रैल तक आवेदन का मौका दिया जाएगा। यूजी में 10 अप्रैल के बाद एक हजार रुपये लेट फीस के साथ 15 अप्रैल तक आवेदन किए जा सकते हैं। 22 अप्रैल को प्रवेश पत्र जारी होंगे। 28 अप्रैल से आठ मई तक इन कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा होगी।

| प्रोग्राम | जनरल कैटेगरी फीस | एससी-एसटी कैटेगरी फीस |
|---|---|---|
| यूजी | 800 | 400 |
| पीजी | 1000 | 500 |
| यूजी मैनेजमें | 1000 | 500 |
| बीएलएड | 1600 | 800 |
| बीपीएड-एमपीएड | 1600 | 800 |
| एमएड | 1600 | 800 |
| सर्टिफिकेट कोर्स | 500 | 500 |

**नोट- निर्धारित तिथि के बाद एक हजार रुपये लेट फीस देना होगा। सर्टिफिकेट कोर्स में नहीं होगा लागू।**

### पीजी में दाखिले के लिए आवेदन 25 अप्रैल तक



पीजी कोर्सों के साथ ही बीपीएड-एमपीएड और एमएड के ऑनलाइन आवेदन भी आज से ही शुरू होंगे। इन कोर्सों में आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तारीख अगल-अलग निर्धारित की गई हैं। पीजी कोर्स में बिना लेट फीस के साथ 25 अप्रैल तक आवेदन होंगे। जबकि लेट फीस के साथ 30 अप्रैल तक आवेदन होंगे। एक मई को प्रवेश पत्र जारी होंगे। पीजी कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 20 मई से 30 मई के बीच में होगी।